भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. 2794
सोमवार, 21 मार्च, 2022/30 फाल्गुन, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**राजस्थान में अपनी धरोहर अपनी पहचान योजना का क्रियान्वयन**

**2794. श्री सुमेधानन्द सरस्वतीः**
**श्रीमती रंजीता कोलीः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) किन राज्यों में अपनी धरोहर अपनी पहचान योजना लागू की गई है;
(ख) क्या राजस्थान राज्य में यह योजना लागू की गई है;
(ग) यदि हां, तो इस योजना के अंतर्गत किन स्मारकों को गोद लिया गया है तथा इन स्मारकों के संरक्षण के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;
(घ) क्या सरकार ने किसी स्मारक को ध्वंस करने तथा किसी विशेष स्मारक की दृश्यता में बाधा डालने से स्मारक मित्रों को रोकने हेतु कोई दिशा-निर्देश तैयार किए है; और
(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ग) : पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने "एक विरासत अपनाएंः अपनी धरोहर, अपनी पहचान" परियोजना आरम्भ की है जो पर्यटन मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और राज्य/संघ शासित प्रदेशों की सरकारों द्वारा एक योजनाबद्ध और चरणबद्ध तरीके से पर्यटन के अनुकूल बनाने के लिए भारत भर में फैले विरासत/प्राकृतिक/पर्यटन स्थलों पर पर्यटन सुविधाओं को विकसित करने के लिए किया गया एक सहयोगी प्रयास है।

इस परियोजना का उद्देश्य सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र, ट्रस्टों, गैर सरकारी संगठनों, एकल व्यक्तियों और अन्य हितधारकों की कंपनियों को 'स्मारक मित्र' बनने के लिए प्रोत्साहित करना है और इन स्थानों पर उनकी रुचि और व्यवहार्यता के संदर्भ के अनुसार कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत एक स्थायी निवेश मॉडल के रूप में आधारभूत संरचना और उन्नत पर्यटन सुविधाओं के विकास और उन्नयन की जिम्मेदारी लेना है। वही इनका संचालन और रखरखाव भी देखेंगे।

राजस्थान राज्य सहित उन राज्यों के नाम, जिनमें ''एक विरासत अपनाएं'' परियोजना लागू की गई है और इस योजना के तहत अपनाए गए स्मारकों का विवरण संलग्न अनुबंध में दिया गया है।

(घ) और (ड़): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने अनुमोदित विकास कार्यों को निष्पादित करते समय एएसआई स्मारकों से संबंधित मानक संचालन दिशानिर्देश तैयार किए हैं । स्वीकृत कार्यों का

निष्पादन संबंधित परिक्षेत्र (सर्कल) के अधीक्षक पुरातत्वविद के समग्र पर्यवेक्षण में स्मारक मित्र द्वारा किया जाएगा । इसके अलावा, परियोजना दिशानिर्देशों के अनुसार हस्ताक्षर किए गए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के मानक खंड के अनुसार, स्मारक मित्र प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 (एएमएएसआर) और नियम, 1959 के प्रावधानों का पालन करने के लिए बाध्य हैं ।

*****

**अनुबंध**

राजस्थान में अपनी धरोहर अपनी पहचान योजना का क्रियान्वयन के संबंध में दिनांक 21.03.2022 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 2794 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

**"एक विरासत अपनाएं'' परियोजना के कार्यान्वयन के लिए स्मारक मित्रों से किए गए समझौता ज्ञापनों (एमओयू) की सूची।**

| क्र. सं. | स्थल का नाम | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | एजेंसी का नाम (स्मारक मित्र) | हस्तक्षेपों/ किए जाने वाले कार्यो की सूची |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गंगोत्री मंदिर क्षेत्र और गौमुख तक पगडंडी | उत्तराखंड | एडवेंचर टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एटीओएआई) | गंगोत्री मंदिर के आसपास के क्षेत्र की सफाई (रखरखाव गतिविधि), गौमुख तक पगडंडी की सफाई (रखरखाव गतिविधि), संकेतकों (ओएंड एम) की स्थापना। |
| 2. | लाल किला | दिल्ली | डालमिया भारत लिमिटेड | संकेतक, पेयजल कियोस्क, शौचालयों का उन्नयन, स्ट्रीट फर्नीचर - बेंच और कूड़ेदान, प्रकाश व्यवस्था, हाउसकीपिंग (सफाई, कचरा निपटान आदि), लैंडस्केप, बहाली, आगंतुक सुविधा केंद्र, 3-डी प्रोजेक्शन मैपिंग, बेंच आदि। |
| 3. | गंडीकोंटा किला | आंध्र प्रदेश | डालमिया भारत लिमिटेड | स्मारक की सफाई और रखरखाव। सुरक्षा और संरक्षा (ओएंडएम), पेयजल सुविधाएं, नई सार्वजनिक सुविधाओं का निर्माण (ओएंडएम), स्थल पर रोशनी, स्ट्रीट फर्नीचर - बेंच और कूड़ेदान, लैंडस्केप (संवर्धन और ओएंडएम), सूचना और दिशात्मक संकेतक (ओएंडएम), बेंच, वाई फाई आदि की व्यवस्था। |
| 4. | सूरजकुंड | हरियाणा | ब्लिस इन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड (वी-रिसॉर्ट्स) | सार्वजनिक सुविधाएं, सार्वजनिक शौचालय (ओएंडएम), स्वच्छ पेयजल सुविधा, बेंचों की |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | स्थापना, पहुंचने में आसानी-प्रशिक्षित कर्मचारियों के साथ व्हीलचेयर सहायता, कैंपस रोशनी, सौंदर्यीकरण और स्थान की सफाई- गीले और दिनभर के कचरे के लिए डिस्पोजेबल बिन, सेल्फ सर्विस टिकट वेंडिंग कियोस्क की स्थापना करना, सार्वजनिक नोटिस बोर्ड, ब्रेल लिपि में संकेतक, एडवांस सर्विलांस सिस्टम, ऐप आधारित संवर्धित वास्तविकता यात्रा (ऑगमेंटेड रियलिटी टूर) आदि। |
| 5. | जंतर मंतर | दिल्ली | एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स (प्रा.) लिमिटेड | स्मारक की सफाई, स्वच्छ पेयजल सुविधाओं का उन्नयन, वाई-फाई, रोशनी, ऑडियो गाइड, प्रवेश उन्नयन, पथ प्रकाश व्यवस्था आदि |
| 6. | अजंता गुफाएं | महाराष्ट्र | यात्रा ऑनलाइन प्राइवेट लिमिटेड | स्वच्छ पेयजल (ओएंडएम), साइट की सफाई, सौंदर्यीकरण और साइट की सफाई, ऐप आधारित गाइड और वाई-फाई, पर्यटन केंद्र में डिजिटल/टिकेटिंग कियोस्क की स्थापना, बाधा मुक्त स्मारक/सभी के लिए पहुंच, बेंचों की स्थापना आदि। |
| 7. | कुतुब मीनार | दिल्ली | यात्रा ऑनलाइन प्राइवेट लिमिटेड | पेयजल (ओएंडएम), उपयोग में आसानी (ओएंडएम), प्रवेश सहायक के साथ व्हीलचेयर का प्रावधान, संकेतक (ओएंडएम), ऐप-आधारित ऑडियो गाइड, रोशनी (ओएंडएम) वाई-फाई इत्यादि। |
| 8. | हम्पी और हजारा राम मंदिर | कर्नाटक | यात्रा ऑनलाइन प्राइवेट लिमिटेड | सफाई, अपशिष्ट के लिए डिब्बे, वाई-फाई, दिशा, संकेतक, ब्रेल लिपि में संकेतक, पूरे परिसर का विवरण, ऑडियो गाइड, सूचना कियोस्क, क्यूआर कोड-आधारित |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | पैनल, कॉम्प्लेक्स का विवरण, रैंप और व्हीलचेयर के प्रावधान के साथ पहुंचने में आसानी, वर्णनात्मक और दिशात्मक संकेतक आदि। |
| 9. | लेह पैलेस | जम्मू और कश्मीर | यात्रा ऑनलाइन प्राइवेट लिमिटेड | स्वच्छता, संकेतक (ओएंडएम), प्रदर्शनियों आदि का आयोजन |
| 10. | प्रतिष्ठित स्थलों के लिए बहुभाषी ऑडियो गाइड का विकास | i. आमेर किला, राजस्थान<br>ii. महाबोधि मंदिर, बिहार<br>iii. चांदनी चौक, दिल्ली<br>iv. सोमनाथ, गुजरात | रेसबर्ड टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (बर्ड हेरिटेज फाउंडेशन) | चार प्रतिष्ठित स्थलों के लिए बहुभाषी ऑडियो गाइड का विकास (आमेर किला, राजस्थान; महाबोधि मंदिर, बिहार; चांदनी चौक, दिल्ली और सोमनाथ, गुजरात) |
| 11. | प्रतिष्ठित स्थलों के लिए बहुभाषी ऑडियो गाइड का विकास (एएसआई स्मारक) | i. धोलाबीरा, गुजरात<br>ii. हुमायूँ का मकबरा, दिल्ली<br>iii. लाल किला दिल्ली<br>iv. पुराना किला दिल्ली<br>v. फतेहपुर सीकरी, आगरा<br>vi. ताज महल आगरा<br>vii. महाबलीपुरम, तमिल नाडु<br>viii. खजुराहो, मध्य प्रदेश | रेसबर्ड टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (बर्ड हेरिटेज फाउंडेशन) | 08 प्रतिष्ठित साइटों के लिए बहुभाषी ऑडियो गाइड का विकास (धोलावीरा, गुजरात; हुमायूं का मकबरा, दिल्ली; लाल किला, दिल्ली; पुराना किला, दिल्ली; फतेहपुर सीकरी, आगरा; ताजमहल, आगरा; महाबलीपुरम, तमिलनाडु और खजुराहो, मध्य प्रदेश) |
| 12. | अब्दुर रहीम खान-ए-खाना | दिल्ली | इंटरग्लोब फाउंडेशन | संकेतक, शौचालय (ओएंडएम), पेयजल (ओएंडएम), रोशनी (ओएंडएम), वाई-फाई, आसान प्रवेश, सफाई और कूड़ेदान का रखरखाव, सीसीटीवी आदि |
| 13. | बेकल किला | केरल | दृष्टि लाइफ सेविंग प्राइवेट लिमिटेड | संकेतक, पेयजल सुविधा (ओएंडएम), शौचालय (ओएंडएम), अपशिष्ट प्रबंधन-कूड़ेदान, रोशनी, रैंप/रास्ते, बाड़ लगाना, ऑडियो विजुअल टूर, सार्वजनिक दर्शन डेक और बेंच आदि की व्यवस्था । |
| 14. | चंपानेर-पावागढ़ | गुजरात | अक्षर ट्रेवल्स प्रा. लिमिटेड | शौचालय, पेयजल कियॉस्क, |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | पुरातत्व उद्यान | | | संकेतक, वाईफाई, ऑडियो/ डिजिटल गाइड, रोशनी, कूड़ेदान, बुनियादी स्मारिका की दुकान, बेंच, सार्वजनिक आसान पहुंच, भूमि सौंदर्यीकरण और रास्तों का नवीनीकरण, स्मारक स्थल की सफाई, स्मारक मित्र और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा स्थल पर विकसित सभी सुविधाओं का ओएंडएम, स्नैक काउंटर, लॉकर/क्लोक रूम सुविधा के साथ इंटरप्रिटेशन सेंटर, पार्किंग, ऑडियो विजुअल रूम सीसीटीवी, मेटल डिटेक्टर, सुरक्षा केबिन, संग्रहालय, साउंड एंड लाइट शो, परिसर की चार दिवारी बना कर उन्नयन, मौजूदा टिकट काउंटर और गोल्फ कार्ट आदि का उन्नयन। |
| 15. | रानी की वाव, पाटन | गुजरात | अक्षर ट्रेवल्स प्रा. लिमिटेड | शौचालय, पेयजल कियॉस्क, साइनेज, वाईफाई, ऑडियो/ डिजिटल गाइड, रोशनी, कूड़ेदान, बेसिक स्मारिका की दुकान, बेंच, व्हील चेयर सहित सार्वजनिक आसान पहुंच, भूमि सौंदर्यीकरण और रास्तों का नवीनीकरण, स्मारक स्थल की सफाई, स्मारक मित्र और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा स्थल पर विकसित सभी सुविधाओं का ओएंडएम, स्नैक काउंटर, लॉकर/क्लोक रूम सुविधा के साथ व्याख्या केंद्र, पार्किंग, ऑडियो विजुअल रूम सीसीटीवी, मेटल डिटेक्टर,सुरक्षा केबिन, संग्रहालय, ध्वनि और प्रकाश शो, परिसर की चार दिवारी का उन्नयन, मौजूदा टिकट काउंटर और एक्स रे बैगेज स्कैनर आदि |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | का उन्नयन |
| 16. | सूर्य मंदिर, मोढेरा | गुजरात | अक्षर ट्रेवल्स प्रा. लिमिटेड | शौचालय, पेयजल कियॉस्क, साइनेज, वाईफाई, ऑडियो/ डिजिटल गाइड, रोशनी, कूड़ेदान, बेसिक स्मारिका की दुकान, बेंच, व्हील चेयर सहित सार्वजनिक आसान पहुंच, भूमि सौंदर्यीकरण और रास्तों का नवीनीकरण, स्मारक स्थल की सफाई, स्मारक मित्र और भारतीय पुरातत्व सर्वक्षण द्वारा स्थल पर विकसित सभी सुविधाओं का ओएंडएम, स्नैक काउंटर, लॉकर/क्लोक रूम सुविधा के साथ व्याख्या केंद्र, पार्किंग, ऑडियो विजुअल रूम सीसीटीवी, मेटल डिटेक्टर, सुरक्षा केबिन, म्यूजियम, साउंड एंड लाइट शो, कंपाउंड वॉल का अपग्रेडेशन, मौजूदा टिकट काउंटर और एक्स रे बैगेज स्कैनर आदि का अपग्रेडेशन। |
| 17. | बौद्ध गुफाएं, उपरकोट, जूनागढ़ | गुजरात | अक्षर ट्रेवल्स प्रा. लिमिटेड | शौचालय, पेयजल कियॉस्क, साइनेज,वाईफाई, ऑडियो/ डिजिटल गाइड, रोशनी, कूड़ेदान, बेसिक स्मारिका की दुकान, बेंच, व्हील चेयर सहित सार्वजनिक आसान पहुंच, भूमि सौंदर्यीकरण और पथों का नवीनीकरण, स्मारक स्थल की सफाई, स्मारक मित्र और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा स्थल पर विकसित सभी सुविधाओं का ओएंडएम, स्नैक काउंटर, लॉकर/क्लोक रूम सुविधा के साथ व्याख्या केंद्र, पार्किंग, ऑडियो विजुअल रूम सीसीटीवी, मेटल डिटेक्टर, सुरक्षा केबिन संग्रहालय, ध्वनि और प्रकाश शो, |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | परिसर की दीवार का उन्नयन और मौजूदा टिकट काउंटर का उन्नयन आदि |
| 18. | गोल गुंबद | दिल्ली | रेसबर्ड टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (बर्ड हेरिटेज फाउंडेशन) | संकेतक, ऑडियो गाइड, बेंच, कूड़ेदान, सार्वजनिक पहुंच, शौचालय सुविधा का उन्नयन, पेयजल कियोस्क (ओएंडएम), भूनिर्माण, रोशनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पार्किंग का उन्नयन आदि |
| 19. | अगुआडा किला | गोवा | दृष्टि लाइफ सेविंग प्राइवेट लिमिटेड | संकेतक और रास्ता प्रदर्शक, पेयजल सुविधा (ओएंडएम), शौचालय (ओएंडएम), अपशिष्ट प्रबंधन- कूड़ेदान, बेंच,सार्वजनिक आसान पहुंच, ऑडियो गाइड, व्याख्या केंद्र, रोशनी, ध्वनि और प्रकाश शो, खाद संयंत्र का पुनरुद्धार, चिकित्सा सूचना, सुरक्षा गार्ड आदि |
| 20. | कृष्णा मंदिर, हम्पी | कर्नाटक | हेरिटेज रिसॉर्ट्स, हम्पी (इंडो एशिया लीजर सर्विसेज लिमिटेड की एक इकाई) | कूड़ेदान, स्थल की सफाई, शौचालय (ओएंडएम), पेयजल कियोस्क (ओएंडएम), भूनिर्माण, मूल स्मारिका दुकान, साइनेज, रोशनी (ओएंडएम), बेंच, सार्वजनिक आसान पहुंच, रास्तों का विकास, आपातकालीन सेवाओं का प्रावधान सुरक्षा और संरक्षा आदि। |
| 21. | हाथी खाना (हाथी अस्तबल), हम्पी | कर्नाटक | ऑरेंज काउंटी रिसॉर्ट्स एंड होटल्स लिमिटेड | सार्वजनिक आसान पहुंच (व्हीलचेयर, निशक्तजनों के लिए व्यवस्था), भूनिर्माण, कूड़ेदान, रास्तों का विकास, रोशनी (ओएंडएम) आदि। |
| 22. | पट्टाभिराम मंदिर, हम्पी | कर्नाटक | ऑरेंज काउंटी रिसॉर्ट्स एंड होटल्स लिमिटेड | कूड़ेदान, भूनिर्माण, रास्ते, रोशनी (उन्नयन, सौंदर्यीकरण और ओएंडएम) |
| 23. | ज़नाना बाग (कमल महल), हम्पी | कर्नाटक | ऑरेंज काउंटी रिसॉर्ट्स एंड होटल्स लिमिटेड | कूड़ेदान, शौचालय (ओएंडएम), पेयजल कियोस्क (ओएंडएम), लैंडस्केपिंग (ओएंडएम), मार्ग |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | का विकास, रोशनी (ओएंडएम), सार्वजनिक आसान पहुंच, टिकटिंग काउंटर का उन्नयन आदि। |
| 24. | उग्र नरसिम्हा मंदिर, हम्पी हम्पिक | कर्नाटक | होटल मल्लीगी प्रा. लिमिटेड | संकेतक, ऑडियो गाइड, वाई-फाई, सार्वजनिक आसान पहुंच, रोशनी (ओएंडएम), सुरक्षा गार्ड, स्थल की सफाई, बैटरी से चलने वाले वाहन आदि |
| 25. | बदविलिंगा मंदिर, हम्पी | कर्नाटक | होटल मल्लीगी प्रा. लिमिटेड | संकेतक, ऑडियो गाइड, वाई-फाई, सार्वजनिक आसान पहुंच, रोशनी (ओएंडएम), सुरक्षा गार्ड और विकास/रास्तों का उन्नयन, स्थल की सफाई आदि। |
| 26. | बड़ा लाओ का गुंबद | दिल्ली | बर्ड हेरिटेज फाउंडेशन | संकेतक, शौचालय की सुविधा, पेयजल कियोस्क (ओएंडएम), ऑडियो गाइड, रोशनी, कूड़ेदान सार्वजनिक आसान पहुंच, वेबसाइट डिजाइन, व्याख्या केंद्र, सुरक्षा गार्ड, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि। |
| 27. | मंडोर किला | राजस्थान | मेहरानगढ़ संग्रहालय ट्रस्ट | पेयजल सुविधाएं, पहुंच, सूचनात्मक और दिशात्मक संकेत, वाईफाई, ऐप आधारित बहुभाषी ऑडियो गाइड, रोशनी, स्वच्छ स्मारक, बेंच, सुरक्षा, चल नाश्ता काउंटर, रात की यात्रा की सुविधा, उन्नत निगरानी प्रणाली, डिजिटल इंटरैक्टिव कियोस्क, लाइट एंड साउंड शो, बैटरी से चलने वाले वाहन और पर्यटक प्रवाह प्रबंधन उन्नत प्रणाली आदि। |
| 28. | दारा शिकोह पुस्तकालय भवन | दिल्ली | कला और सांस्कृतिक विरासत ट्रस्ट (टीएएसीएचटी) और संग्रहालय और कला परामर्श (एमएसी) | कचरा डिब्बे और बेंच के प्रावधान सहित भवन और बाहरी क्षेत्र की सफाई और इसके ओएंडएम, शौचालय, व्याख्यात्मक संकेत और दिशात्मक संकेत, पेयजल |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | (ओएंडएम), रोशनी, भूनिर्माण और इसके ओएंडएम, पहुंच में आसानी, इंटरैक्टिव और अनुभवात्मक अवधि सहित गैलरी का सेटअप, सुरक्षा और उन्नत निगरानी प्रणाली, पुरावशेषों के आरक्षित संग्रह के लिए सेट अप रूम, कैफेटेरिया, स्मारिका दुकान, पुस्तकालय और वाचनालय क्षेत्र, कला प्रतिष्ठान, वेबसाइट डिजाइनिंग और इसका ओएंडएम, सांस्कृतिक हब, ऐप आधारित बहुभाषी ऑडियो गाइड और वाईफाई आदि । |
| 29. | नारायणकोटि मंदिर | उत्तराखंड | सामाजिक कानूनी अनुसंधान और शिक्षा फाउंडेशन (एसएलआर ईएफ) | रोशनी (लैंप पोस्ट), पथ उन्नयन, कूड़ेदान और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, शौचालय, पेयजल कियोस्क, बेंच, शो रैक, दिशात्मक संकेत, सूचनात्मक संकेतक और प्लेसमेंट का उन्नयन, व्हीलचेयर सुविधा, पार्किंग, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र, बाड़ लगाना (उन्नयन और पेंटिंग), प्रवेश द्वार और दरवाजा, स्थानीय लोगों के साथ चर्चा और जागरूकता, सुरक्षा, बैरिकेडिंग ब्रह्म सरोवर, स्नैक काउंटर, स्मारिका दुकान |

*****